एक नजर में

मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन

उज्जैन। मंडल अभिभाषक संघ उज्जैन द्वारा अभिभाषक एवं न्यायाधीश गण के मध्य मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन आई बीएस ग्लोबल एकेडमी परिसर में किया गया। संघ के उपाध्यक्ष सुरेंद्र मेहता एवं पं. नितिन जोशी एडवोकेट ने बताया कि शनिवार को मंडल अभिभाषक संघ उज्जैन द्वारा अभीभाषकों एवं न्यायाधीश गण के मध्य मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस क्रिकेट मैच में न्यायाधीश गण की टीम ने 15 ओवर में 97 रन का स्कोर किया। जिसके जवाब में अभिभाषक गण की टीम लक्ष्य का पीछा नहीं कर सकी। 15 ओवर में सभी विकेट गवा दिए। न्यायाधीश गण की टीम विजय होने के पश्चात उपस्थित न्यायाधीश गण एवं अभिभाषकों द्वारा स्वल्पाहार का आनंद लेकर सौहार्द पूर्ण वातावरण में खेल भावना का सन्देश दिया। इस आयोजन में सर्वप्रथम उपस्थित न्यायाधीशगण का मंडल अभिभाषक संघ अध्यक्ष ओम सारवान, उपाध्यक्ष सुरेंद्र मेहता, सचिव प्रकाश चौबे, सह सचिव संदेश परिहार, कोषाध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने स्वागत किया। अभिभाषक 11 की ओर से ओम सारवान, दीनू सभरवाल, रवि शर्मा, आसिफ खान, विश्वास दायमा, रवि शर्मा, प्रदीप जायसवाल, प्रकाश चौबे, अश्मित सभरवाल, दीपक कुमावत, शैलेंद्र सिसोदिया, संदेश परिहार, पीयूष शाह आदि ने सहभागिता की एवं न्यायाधीश 11 की ओर से जिला न्यायाधीश गण पवन पटेल, कपिल भारद्वाज, राघवेंद्र पटेल, अनुराग शर्मा, सीताराम दास, नीरज प्रजापति, विजय सिंह चौहान, अनिल शर्मा, पवन सिंह, पवन गहलोत, उदय चंदेल, सागर वर्मा, अनिल वर्मा आदि ने सहभागिता की। इस अवसर पर संघ अध्यक्ष ओम सारवान ने यह संकल्प लिया कि आगामी वर्षों में मंडल अभिभाषक संघ उज्जैन द्वारा राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किए जाने का प्रयास किए जाएंगे। यह जानकारी पूर्व उपाध्यक्ष नितिन जोशी एडवोकेट ने दी।

बाबा साहेब की पुण्यतिथि पर किया नमन

उज्जैन। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 59वीं पुण्यतिथि पर भाजपा अजा मोर्चा नगर उज्जैन द्वारा मोर्चा अध्यक्ष मनोज मालवीय के नेतृत्व में टावर चौक स्थित बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सांसद अनिल फिरोजिया ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब की मंशा थी कि स्वतंत्रता के पश्चात भारत में राम राज्य की स्थापना हो सर्वप्रथम बाबा साहब ही संविधान में हिंदू लॉ को लेकर आए थे। भाजपा सरकार द्वारा बाबा साहब के पंच तीर्थ का निर्माण किया गया। मोर्चा के प्रत्येक कार्यकर्ता को पंच तीर्थ के दर्शन अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने बाबा साहब को दो बार चुनाव हरवाया वे आज संविधान की बात करते हैं। कार्यक्रम को विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, डॉ. प्रभुलाल जाटवा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा नगर महामंत्री आनंद सिंह खींची, कमल बैरवा, जगदीश पांचाल, सुनील चावंड, सुरेंद्र मेहर, मांगू पहलवान, सुशीला जाटवा, जितेंद्र बिहानिया, रूपेश जाटवा, दुर्गेश मालवीय, मनोज मालवीय, अजय बड़ावदिया, मनीष टाटावत, कृष्ण टाटावत सहित मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थे। जानकारी मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा ने दी।

प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार का अभिनंदन

उज्जैन। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार के शपथ ग्रहण समारोह मे भोपाल जाते समय आष्टा में गुरु रविदास विश्व महापीठ मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश मोहने की उपस्थिती में जिलाध्यक्ष अंबाराम पेहलादिया के नेतृत्व में अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ मध्य प्रदेश के जिलाध्यक्ष अम्बाराम प्रहलादिया ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार, श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश मोहने, उज्जैन महापौर मुकेश टटवाल, अजा मोर्चा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुरज केरो का जिला पदाधिकारीयो ने भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर महापिठ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेशचंद्र सूर्यवंशी, प्रदेश महामंत्री संतोष पंचोली, सुनील अहिरवार, बाल बहादुर, दिनेश ठेकेदार, मानसिग सिलोदिया, गब्बर भाई, धर्मेन्द्र जाटव, नरेंद्र कुशवाह, महेश प्रजापति, श्रवण कुमार बामनिया, जितेन्द्र सोलंकी आदि पदाधिकारियों ने स्वागत कर अभिनंदन किया। इस मौके पर रैली में सैकड़ों कार्यकर्ता एवं नेता मौजूद थे।

पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की

उज्जैन। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी के पुण्यतिथि दिवस पर जिला युवा कांग्रेस द्वारा टॉवर चौक पर पुष्पांजली अर्पित की। युवा कांग्रेसियों ने बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर अमर रहे, के नारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। इस दौरान युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अर्पित यादव, दक्षिण विधानसभा अध्यक्ष यशराज चावड़ा, उत्तर विधानसभा अध्यक्ष यश जैन, जिला महासचिव संदीप पवार, सौरभ यादव, हिमांशु शुक्ला, योगेश दायमा, मनीष किर, मयूर, अश्विन लेकोड़ा, सुमित भाई, आवाज उपाध्याय, करण, नंदू भैया, जीवन परमार, अर्जुन मालवीय सहित युवा कांग्रेस के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

महाकाल मंदिर में होमगार्ड सेवा देने को तैयार, वेतन की हां करने का इंतजार

होमगार्ड की तैनाती अटकी, नहीं हो पा रहा निर्णय, सरकार ने 600 होमगार्ड तैनाती का आदेश किया था जारी, मंदिर समिति दान से वेतन देने को तैयार

प्रमोद व्यास

उज्जैन। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा महाकाल मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए 600 होमगार्ड जवानों की भर्ती का आदेश जारी किया गया था। बावजूद उनकी तैनाती की प्रक्रिया वेतन व्यवस्था के विवाद में फंस गई है। आजादी के बाद से ही होमगार्ड अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अब तक मुखर हो रहे हैं। इधर मंदिर मे भी नियुक्ति अटक गई।

नवभारत को प्राप्त जानकारी के अनुसार भर्ती, ट्रेनिंग और तैनाती की तैयारी पूरी होने के बाद भी वित्त मंत्रालय में वेतन संबंधी फाइल अटक गई है। महाकाल मंदिर समिति दान की राशि से वेतन देने तैयार नहीं, जबकि होमगार्ड को ट्रेजरी से वेतन देने का नियम लागू है। इसी असमंजस के चलते महाकाल सुरक्षा में होमगार्ड की भर्ती किए जाने यह बड़ी योजना फिलहाल ठंडे बस्ते में पड़ गई है।

होमगार्ड को सुरक्षा का जिम्मा देने के संबंध में किसी भी अधिकारी ने अब तक यह साफ नहीं किया है कि 600 होमगार्ड मंदिर में कब और कैसे तैनात होंगे, यह बात जरूर प्रचारित की जा रही है की ट्रेनिंग चल रही है भर्ती होगी और सिंहस्थ में भी इसका लाभ मिलेगा बावजूद इसके वस्तु स्थिति स्पष्ट नहीं की जा रही। होमगार्ड तो महाकाल मंदिर में नौकरी के इंतजार में ही थे और इधर दूसरी तरफ 20 करोड़ का सुरक्षा ठेका दिल्ली की कोर कंपनी को देकर 1 जनवरी से क्रिस्टल कंपनी को हटाकर नया काम शुरू कराया जा रहा है। अब माना जा रहा है कि कम से कम 1 साल तक तो होमगार्ड की भर्ती महाकाल मंदिर में सुरक्षा कर्मचारियों के तौर पर नहीं हो पाएगी। वहीं, नाम न छापने की शर्त पर जवानों का कहना है, जब तक वेतन का निर्णय स्पष्ट नहीं, तब तक महाकाल मन्दिर में सुरक्षा जिम्मेदारी में हमारी तैनाती की बात कहना बेमानी होगा।

कलेक्टर और एसपी ने की सराहना

6 दिसंबर 1947 को होमगार्ड की स्थापना हुई थी, स्थापना के उपलक्ष्य में शनिवार को देवास रोड स्थित होमगार्ड कार्यालय में स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने हिस्सा लिया। कलेक्टर ने कहा कि वर्षा काल में होमगार्ड ने जल आपदा के समय नागरिकों की जान-माल बचाने में उत्कृष्ट कार्य किया है। कार्यक्रम में परेड निरीक्षण, उपकरण प्रदर्शन, मेधावी छात्रों को चेक वितरण और उत्कृष्ट सेवा करने वाले जवानों को सम्मानित किया गया। इस दौरान कलेक्टर और एसपी ने परेड की सलामी भी ली।

उज्जैन के अफसर को अदम्य साहस पुरस्कार

होमगार्ड स्थापना दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उज्जैन के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट (होमगार्ड एवं एसडीआरएफ) संतोष कुमार जाट को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अदम्य साहस व वीरता सम्मान प्रदान किया। जाट को यह पुरस्कार शिप्रा नदी, विशेषकर रामघाट पर 215 लोगों की जान बचाने सहित उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया। मुख्यमंत्री ने उन्हें 51,000 रुपये की सम्मान राशि भी प्रदान की। कार्यक्रम में मंत्री कृष्णा गौर, डीजी होमगार्ड, कैलाश मकवाना, पुलिस महानिदेशक प्रज्ञा ऋचा वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

देवास-उज्जैन मार्ग पर हादसा, 2 युवकों की मौके पर मौत

आयशर ने स्कॉर्पियो को मारी टक्कर, शादी से लौट रहे थे युवक

उज्जैन। देवास रोड पर शनिवार सुबह तड़के एक बड़ी सड़क दुर्घटना हो गई। आयशर स्कॉर्पियो की टक्कर में स्कॉर्पियो सवार दो दोस्तों की मौके पर मौत हो गई। आधार कार्ड मिलने पर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। एक मृतक युवक का अगले महीने विवाह होना था। दोनों दोस्त की शादी में शामिल होकर वापस लौट रहे थे।

नरवर थाना पुलिस ने बताया कि तड़के 4 बजे के लगभग दताना मताना में आयशर और स्कॉर्पियो के बीच भिड़ंत होने की सूचना मिलते पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। स्कॉर्पियो में 2 युवक सवार थे। दोनों की मौके पर मौत हो चुकी थी। दोनों वाहन आमने-सामने से टकराए थे जिसके चलते उन्हें अलग करने के लिए क्रेन को बुलाना पड़ा। कार से दोनों युवकों को निकालने पर उनके पास मिले आधार कार्ड से पहचान विशाल पिता भगवान सिंह 26 वर्ष निवासी ग्राम तोली राजगढ़ और संदीप पिता सज्जन सिंह पटेल 35 साल निवासी असलाना बड़नगर के रूप में हुई। दोनों की बॉडी पोस्टमार्टम के लिए और परिजनों को सूचना दी गई। दुर्घटना के बाद आयशर का चालक भाग निकला था। जिसे जप्त किया गया है। परिजनों के उज्जैन पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचने के बाद सामने आया कि विशाल एमबीए का छात्र था और अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। परिवार उसकी शादी की तैयारी में लगा था 12 जनवरी को विवाह होना था। संदीप कृषि का काम करता था और एक बेटी का पिता था। परिजनों ने बताया कि दोनों दोस्त थे शुक्रवार को उज्जैन स्थित इंदिरा नगर में रहने वाले दोस्त पवन सोनी की शादी थी। जिसकी बारात में शामिल होने के लिए नरवर गए थे। रात में विवाह समारोह का कार्यक्रम पूरा होने के बाद सुबह वापस बड़नगर लौट के लिए निकले थे। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर दुर्घटना का प्रकरण दर्ज किया गया है। देवास रोड पर पिछले कुछ समय से लगातार दुर्घटना होना सामने आ रहा है। चार दिन पहले ही ड्राइवर को ट्रक ने कुचल दिया था, इससे पहले दो बाइक सवार युवकों को ट्रक ने रौंदा था जिनकी मौके पर मौत हो गई थी। देवास रोड के हाईवे में तब्दील होने और गरोठ ब्रिज बनने के बाद से वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक नहीं लग पा रहा है।

...इधर युवक को कार ने कुचला

ग्राम चकरावदा में भी शुक्रवार रात को दुर्घटना का मामला सामने आया भैरवगढ़ ग्राम तुमडावदा का रहने वाला कमल पिता रामलाल प्रजापत कार्यक्रम में शामिल होने चकरावदा आया था रात में वापस लौट के लिए सड़क किनारे खड़े होकर वाहन का इंतजार कर रहा था अभी तेज गति से आई कार ने उसे कुचल दिया। कमल गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसका उपचार चरक अस्पताल में चल रहा है।

स्ट्रीट डॉग ने 6 साल की मासूम को किया लहूलुहान, पिता ने बचाया

उज्जैन। स्ट्रीट डॉग का आतंक एक बार फिर सामने आया है। घर के बाहर खेल रही मासूम को बुरी तरह नोंच लिया। पिता ने मासूम बेटी की जान बचाई और अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने हालत देख उपचार के लिए भर्ती किया है।

इंदौर रोड पंथ पिपलाई में रहने वाले धर्मेंद्र अग्रवाल की 6 वर्षीय पुत्री शिवानी घर के बाहर बच्चों के बीच खेल रही थी इस दौरान स्ट्रीट डॉग आया और शिवानी पर हमला कर दिया। स्ट्रीट डॉग के हमले में मासूम गिर पड़ी इस दौरान डॉग ने उसे नोचना शुरू कर दिया। आसपास खेल रहे बच्चे जान बचाकर भागे वहीं आवाज सुनकर शिवानी के पिता घर से बाहर आए और अपनी बेटी की जान बचाई। लेकिन इस बीच 6 साल की शिवानी बुरी तरह से घायल हो चुकी थी।

उसके चेहरे पर स्ट्रीट डॉग ने गहरे जख्म कर दिए थे। शिवानी को उसके पिता खून से लथपथ हालत में चरक अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख मासूम को भर्ती किया है। कान से लेकर गाल तक जख्म अधिक होने पर डॉक्टर ने टांके लगाकर उपचार किया है। मासूम शिवानी दर्द से कराह रही थी। उसे ठीक होने में समय लग सकता है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक स्ट्रीट डॉग का आतंक काम नहीं हो रहा है कुछ दिन पहले ही आठवीं की छात्रा को स्कूल जाते समय एटलस चौराहा क्षेत्र में स्थित डॉग ने हमला कर घायल किया था। इससे पहले जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के बोहरा समुदाय की मासूम स्ट्रीट डॉग की दहशत में अपनी जान गवा चुकी है।

प्रतिदिन स्ट्रीट डॉग के हमले में 15 से 20 लोग शिकार हो रहे हैं जिसमें बच्चों की संख्या अधिक है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद सार्वजनिक स्थानों से स्ट्रीट डॉग को हटाने का अभियान दिखाई नहीं दे रहा है। लगातार मामले सामने आने के बाद भी शासन प्रशासन स्ट्रीट डॉग को लेकर गंभीर दिखाई नहीं दे रहा है।

मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी वार्डों में हेल्प डेस्क स्थापित

उज्जैन। शासन निर्देशानुसार मतदान सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत उच्च अधिकारियों के साथ ही बीएलओ एवं नगर निगम कर्मचारियों द्वारा घर-घर पहुंचकर नागरिकों के फार्म भरवाए जा रहा है। इसके साथ ही आयुक्त एवं अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी अभिलाष मिश्रा के निर्देश अनुसार मतदाताओं की सुविधा एवं सहयोग के लिए शहर के समस्त 54 वार्डों एवं नगर निगम झोन कार्यालयों में हेल्प डेस्क सिपित किये जाकर एक कर्मचारी एवं आपरेटर को नियुक्त किया गया है। मतदाताओं के निर्वाचन नामावली वर्ष 2003 अंतर्गत जानकारी ढूंढने में सहायता एवं विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी अन्य तकनीकी सहायता हेतु हेल्प डेस्क का संचालन किया जा रहा है।

शिकायत के निराकरण के लिए बैकुंठ धाम कॉलोनी पहुंचे महापौर

निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

उज्जैन। वार्ड क्रमांक 41 अंतर्गत मक्सी रोड स्थित बैकुंठ धाम कॉलोनी के रहवासियों द्वारा शनिवार को महापौर मुकेश टटवाल के समक्ष क्षेत्र में सफाई व्यवस्था, पेयजल सप्लाई, प्रकाश व्यवस्था इत्यादि निगम से व्यवस्थाओं को लेकर अपनी बात रखी गई। जिसके क्रम में महापौर ने वार्ड में निरीक्षण के दौरान संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं किए जाने हेतु निर्देश प्रदान किए।

महापौर ने शनिवार को वार्ड क्रमांक 41 अंतर्गत बैकुंठ धाम कॉलोनी में क्षेत्र के रहवासियों की समस्या के समाधान के लिए पहुंचे। जहां रहवासियों ने बताया कि क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्रीवॉल नहीं है साथ ही उद्यान का भी समुचित रूप से विकास नहीं है। इसी के साथ-साथ पेयजल सप्लाई को लेकर भी काफी समस्या है। कई घरों में पानी नहीं पहुंच पाता है। इसलिए नवीन पेयजल लाइन डालने की आवश्यकता है। महापौर ने समस्या को सुनते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था के लिए सफाई कर्मचारियों को भेजा जाए। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्री वॉल बनाते हुए पीएचई विभाग द्वारा नवीन लाइन डालने का एस्टीमेट बनवाएं। इसी के साथ-साथ कई लोगों ने अपने घरों के बाहर तक नालियों पर अतिक्रमण किया है। इसके कारण सफाई नहीं हो पाती है। ऐसे अतिक्रमण को तत्काल हटाएं जाने की कार्रवाई किये जाने के निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान पार्षद एवं झोन अध्यक्ष पुरुषोत्तम मालवीय उपस्थित रहे।

भस्मारती में भीड़ मंदिर समिति जगह के अनुसार केवल ऑफलाइन परमिशन ही जारी करेगी

दिसंबर-जनवरी में महाकाल में इतनी भीड़, 12 दिन भस्मारती बुकिंग बंद

नवभारत न्यूज

उज्जैन। दिसंबर-जनवरी में महाकाल मंदिर में देशभर से लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए उमड़ेंगे। प्रशासन भीड़ नियंत्रण के लिए इंतजाम कर रहा है। भस्मारती की ऑनलाइन बुकिंग भी इस दौरान 12 दिन बंद रहेगी। केवल ऑफलाइन के जरिए ही परमिशन देगी वह भी जगह की उपलब्धता के आधार पर। दिसंबर एंड में छुट्टियां होने से श्रद्धालु बाबा महाकाल के दरबार में दर्शन के लिए उमड़ते हैं तो नए साल की शुरुआत में भी अधिक भीड़ रहती है। इस दौरान भस्मारती करने के लिए भी श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग जाती है। लोग पहले से ऑनलाइन बुकिंग कर लेते हैं। इसको ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन बुकिंग 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक ब्लॉक कर दी गई है। इस दौरान केवल ऑफलाइन बुकिंग के आधार पर ही श्रद्धालु भस्म आरती में शामिल हो सकेंगे। इसके अलावा जिन लोगों को परमिशन नहीं मिल पाई है वे चलित लाइन से भी भस्मारती के दर्शन कर सकेंगे।

10 लाख श्रद्धालुओं को देखते हुए सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे

मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि दिसंबर एंड व जनवरी के पहले सप्ताह में लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। लेकिन 31 दिसंबर से 2 जनवरी के बीच ही लगभग 10 लाख श्रद्धालु उमड़ेंगे। इस संख्या को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा भीड़ को सुरक्षा और दर्शन व्यवस्था के लिए इंतजाम किए जा रहे हैं। इसके लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया जा रहा है। नए साल में मंदिर में यहां से रहेगा प्रवेश और निर्गम-नए साल में श्रद्धालुओं के लिए मंदिर में त्रिवेणी संग्रहालय से प्रवेश रहेगा। महाकाल लोक, मानसरोवर, टनल से गणेश मंडप से दर्शन कर एग्जिट टनल से बाहर निकलेंगे। भस्मारती परमिशन के लिए ऑफलाइन व्यवस्था के तहत एंट्री मिलेगी। एक दिन पहले आकर फॉर्म भरने होंगे, अनुमति दर्शनार्थियों की संख्या के आधार पर ही मिल सकेगी। इसके साथ ही यातायात व्यवस्था में बदला करने की आवश्यकता होने पर बदलाव किया जा सकता है। क्योंकि भीड़ को देखते हुए यह निर्णय लिया जाएगा।

मालवीय जिला कार्यकारी अध्यक्ष बने

उज्जैन। मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक) अधिकारी-कर्मचारी संगठन एवं अपाक्स जिला उज्जैन के जिला अध्यक्ष नरेशकुमार आठिया की सहमति से देवनारायण मालवीय को जिला कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अनोखीलाल भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि नियुक्ति होने पर संगठन एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा मालवीय का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। नव-नियुक्त मालवीय ने वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी का वे निष्ठा से निर्वहन करेंगे तथा संगठन को मजबूत बनाने और अधिकारी-कर्मचारियों के हित में सतत कार्य करेंगे। इस मौके पर मुकेश शर्मा, प्रवेश जोशी, शोभाराम सुमराखेडा, नवीन गोस्वामी, पंकज परमार शुभदेव मालवीय, राजेश परमार, अश्विन विश्वकर्मा, अमन खान, भरत गेहलोद, रोहन बागमारे आदि लोग उपस्थित थे।